उद्योगों में केन्द्रीय मजदूर संगठन को मान्यता

4019. श्री सत्य नारायण जटिया : क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रत्येक उद्योग में दिसम्बर, 1980 में सदस्यता के सत्यापन के आधार पर केन्द्रीय मजदूर संगठनों की स्थिति क्या थी ; और उन केन्द्रीय मजदूर संगठनों के उद्योग-वार नाम क्या हैं जो सदस्यता के आधार पर मान्यता के पात्र हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री धर्मवीर) : 31.12.1980 की स्थिति के अनुसार, केन्द्रीय मजदूर संगठनों की सदस्यता-सत्यापन के परिणामों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर में कुकिंग गैस एजेंसियां

4020. श्री सत्यनारायण जटिया : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर में जुलाई, 1984 तक कार्यरत अथवा मंजूर की गई कुकिंग गैस एजेंसियों की संख्या कितनी है तथा ये एजेंसिया किस तिथि से कार्य कर रही हैं अथवा इन एजेंसियों को किस तिथि को मंजूर किया गया था ;

(ख) क्या इनमें से प्रत्येक गैस एजेंसी के आवंटन करने में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया था ; और

(ग) उन व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें 1984-85 के दौरान गैस एजेंसियां आवंटित की गई हैं अथवा मंजूर की गई हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय के पेट्रोलियम विभाग में राज्य मंत्री (श्री गार्गी शंकर मिश्र) : (क) इस समय इन्दौर शहर में 10 एल. पी. जी. की एजेंसियां काम कर रही हैं और 5 एल. पी. जी. की एजेंसियां दी गई हैं जिसके विवरण निम्न प्रकार हैं :—

काम कर रही एजेंसियां

वितरक का नाम	चालू किये जाने की तिथि
1. मैसर्स गैस-एम-इंडेन	30.9.1971
2. मैसर्स सत्यम गैस कंपनी	11.2.1983
3. मैसर्स गीतांजली इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर	9.9.1983
4. मैसर्स मोदी गैस सर्विस	मई, 1972
5. मैसर्स फलेम एण्ड फलेम	अक्तूबर, 82
6. मैसर्स मंदीश्वर गैस सर्विस	अक्तूबर, 82
7. मैसर्स इंदौर हाउसहोल्ड	मई, 1979
8. मैसर्स सुपर गैस एजेंसी	मई, 1979
9. मैसर्स आशान्वित इन्टरप्राइजेज	23.8.82
10. मैसर्स महेश इन्टरप्राइजेज	23.10 82